Bihar Board Class 7 Social Science Civics Notes Chapter 6 मीडिया और लोकतंत्र

पाठ का सार संक्षेप

मीडिया और लोकतंत्र अंग्रेजी शब्द 'मिडियम' से 'मिडिया' शब्द लिया गया है। मीडियम का अर्थ होता है 'माध्यम'। मीडिया के द्वारा ही समाज के विचारों एवं खबरों का आदान-प्रदान आसानी से होता है। समाचार-पत्र, पत्रिकाओं, टी.वी. चैनल, रेडियो. फोन-फैक्स. इंटरनेट आदि संचार के विभिन्न माध्यम है जिससे हम देश-विदेश में रहने वाले अपने सगे-संबंधियों से आसानी से बात कर सकते और देश-विदेश में होने वाली हर छोटी-मोटी घटनाओं को देख, सुन और पढ़ सकते हैं। इसकी पहुँच देश-विदेश के जनसमूहों तक होती है, इसलिए इसे मास-मिडिया या जनसंचार माध्यम कहते हैं।

मीडिया के तकनीक में बदलाव-संचार माध्यम आज के समय में हमारी जिंदगी के महत्त्वपूर्ण अंग बन गये हैं। आज के दौर में मोबाइल, टी.. वी., अखबार. आदि के बिना रोजमर्रा के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इन माध्यमों के प्रयोग में आने वाली तकनीक हमेशा बदलती रहती है। बहुत समय पहले डुगडुगी बजाकर, ढोल पीटकर, तुरही बजाकर लोगों तक संदेश पहुँचाया जाता था। पर आज के समय में तकनीकी बदलाव के प्रभाव

से हम अखबार, रेडियो, टी.वी. के द्वारा खबरों और सूचनाओं को आसानी से लोगों तक पहुँचा सकते हैं। कई बार तो घटना स्थल से सीधा प्रसारण किया जाता है जिससे हम वहाँ के लोगों से हो रही बातों को सुन सकते हैं और वहाँ के दृश्य को देख सकते हैं।
हम संचार माध्यमों की चर्चा दो रूपों में करते हैं-

1. छपे हुए माध्यम के रूप में और
2. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम के रूप में।

छपे हुए माध्यम के अंतर्गत अखबार, पत्र-पत्रिकाओं आदि आते हैं और इलेक्ट्रॉनिक माध्यम के अंतर्गत टी.बी., रेडियो, इंटरनेट आदि आते हैं। तकनीक के इस बदलाव से हमारी जिंदगी और समाज भी प्रभावित हुआ है। टी.वी. के आने से पूरी दुनिया की खबरों को सुनने के साथ ही देख भी सकते हैं। संचार माध्यमों के विकसित होने से दुनिया बिल्कुल सिमट गयी हैं।

https://www.evidyarthi.in/